## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–19.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए रांची में कल भी सभी स्कूल रहेंगे बंद, इसका उल्लंघन करने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई, आज हुई तेज बारिश में राज्यभर में 9 लोगों की मौत ।**
2. **केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह आज रांची के केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के 61वें स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल, मेरा रेशम मेरा अभिमान की शुरुआत की।**
3. **केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने जेंडर बजटिंग पोर्टल का किया शुभारंभ, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम।**
4. **केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने किया संवाद, कहा–फोर लेन सड़क, रेलवे स्टेशन, एम्स और उद्योग हैं विकास के प्रतीक। और,**
5. **कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पशुपालन, पारिस्थितिक संतुलन एवं आधुनिकता पर कार्यशाला का किया उद्घाटन, कहा–झारखंड देश का पहला राज्य जहां पशु आहार के लिए प्रतिदिन 100 रुपए भुगतान करती है सरकार।**

**********************

भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कल भी जिले के सभी सरकारी, गैर–सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों को केजी से 12वीं कक्षा तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रांची को रेड–जोन में रखते हुए भारी बारिश की संभावना जताई है। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित विद्यालयों के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कार्रवाई की जाएगी। आज राज्यभर में हुई बारिश में अलग अलग घटनाओं में तीन बच्चों समेत नौ लोगों की मौत हो गई, वहीं एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं।

**********************

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह आज रांची के केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के 61वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने **मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान** की शुरुआत की और तसर और रेशम उद्योग को आदिवासी समुदाय की आमदनी बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया। मंत्री ने वैज्ञानिकों को प्रोत्साहन देने और गैर–प्रभावी कर्मियों के लिए जवाबदेही तय करने की जरूरत पर भी जोर दिया।

**********************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज नई दिल्ली में जेंडर बजटिंग पोर्टल की शुरूआत की। यह पोर्टल नीति निर्माताओं और हितधारकों के लिए संसाधन केंद्र के रूप में काम करेगा। इस अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय परामर्श को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पोर्टल नीति निर्माताओं और हितधारकों को जेंडर बजटिंग प्रथाओं को मजबूत करने के लिए डेटा, संसाधन और उपकरण उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष, जेंडर बजट पर कुल बजट का लगभग **आठ दशमलव 8–6 प्रतिशत** खर्च करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, महिला सशक्तिकरण हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है।

**********************

केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने ज़िले के सरोनी गांव में जनता से संवाद किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गोड्डा को एक नई पहचान दी है, जहां अब फोर लेन सड़क, रेलवे स्टेशन और तेरह ट्रेनों की सौगात मिल चुकी है। उन्होंने एम्स, सड़क, सिंचाई और अन्य संस्थानों को प्रधानमंत्री के विकास मॉडल की सफलता बताया।

**********************

केन्द्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि सरकार सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने की दिशा में काम कर रही है, जो जनजातीय समुदायों के बीच एक बड़ी स्वास्थ्य चिंता है। आकाशवाणी समाचार के

साथ एक विशेष भेटवार्ता में, मंत्री ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया के बारे में जनजातीय समुदायों में जागरूकता लाई जा रही है।

यह साक्षात्कार 100.1 आकाशवाणी एफएम गोल्ड चैनल और पूरे आकाशवाणी नेटवर्क पर आज रात साढ़े नौ बजे विशेष श्रृंखला विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल के हिस्से के रूप में प्रसारित किया जाएगा। साक्षात्कार हमारे यूट्यूब चैनल **न्यूज ऑन एआईआर ऑफीशियल** पर भी एक साथ स्ट्रीम किया जाएगा।

*********************

रांची में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने "पशुपालन, पारिस्थितिकी संतुलन एवं आधुनिकता" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है जहां पशुओं के लिए प्रतिदिन 100 रुपए आहार के रूप में दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य की निबंधित गौशालाओं को ढाई करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया।

*********************

सरायकेला की पद्मश्री छुटनी महतो के जीवन पर आधारित बायोपिक फिल्म की शूटिंग झारखंड और हैदराबाद में होगी। फिल्म तेलुगु में बनेगी और इसका हिंदी संस्करण भी रिलीज किया जाएगा। छुटनी महतो ने फिल्म निर्माण को गौरवपूर्ण बताते हुए सभी का आभार जताया और कहा कि आज भी डायन प्रथा के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी है।

*********************

रामगढ़ जिले के वन विभाग ने हाथियों के हमलों से बचाव, अवैध गतिविधियों पर रोक और पौधरोपण के साथ संरक्षण अभियान को बढ़ावा देने के लिए हाईटेक ड्रोन का इस्तेमाल शुरू किया है।

*********************

साहेबगंज जिले में 10 जून से 26 जून तक निषिद्ध मादक पदार्थों के इस्तेमाल और अवैध तस्करी के खिलाफ विशेष जन–जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज मोती झरना में पर्यटकों और ग्रामीणों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, वहीं विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।

*********************